इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, मंगलवार, 16 जून 2026

शिक्षक वो नहीं, जो छात्र के दिमाग में तथ्यों को जबरन डाले, बल्कि वास्तविक शिक्षक वो है जो उसे आने वाले कल की चुनौतियों के लिए तैयार करे।
-डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन

वर्ष 18 अंक 284 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ-12

तापमान - अधिकतम 39.7°C (+1.7) न्यूनतम 28.9°C(+1.9) सेंसेक्स 76,264.33 (+736.38) निफ्टी 23,853.90 (+231.00) सोना 1,51,680 चांदी 2,65,000 मुद्रा - डालर 94.53 दिरहम 25.74 रियाल 25.20

मां के सम्मान और पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

एराज मेडिकल कॉलेज में हुआ पौधारोपण

लखनऊ (सं)। जिस तरह एक मां अपने बच्चों को जीवन देती है, उसी तरह पेड़ भी धरती पर जीवन को सुरक्षित और समृद्ध बनाते हैं। इसी संदेश को आगे बढ़ाते हुए एराज लखनऊ मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में सोमवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षकों, चिकित्सकों और छात्रों ने मिलकर 101 पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और शिक्षा मंत्रालय के निर्देशों के तहत आयोजित इस अभियान में आम, अमरूद, जामुन, इमली, कटहल, कैथा और आंवला जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे परिसर के खाली क्षेत्रों में लगाए गए। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पौधरोपण के साथ उनकी देखभाल का संकल्प भी लिया।

कॉलेज प्रशासन ने प्रत्येक पौधे की जिम्मेदारी अलग-अलग विभागों को सौंपी है, ताकि पौधे केवल लगाए ही न जाएं, बल्कि उन्हें पूर्ण विकसित वृक्ष बनने तक संरक्षित भी रखा जा सके। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, ग्लोबल वार्मिंग की चुनौतियों और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देने पर भी चर्चा की गई। संस्थान के वरिष्ठ शिक्षकों ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े संस्थानों की जिम्मेदारी केवल लोगों का इलाज करना नहीं, बल्कि स्वस्थ पर्यावरण के प्रति जागरुकता फैलाना भी है। उनका मानना है कि स्वच्छ हवा और हरित वातावरण बेहतर स्वास्थ्य की बुनियाद हैं। यह पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए अधिक स्वच्छ, सुरक्षित और ऑक्सीजन से भरपूर वातावरण तैयार करने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक एवं प्रधानाचार्य प्रो. जमाल मसूद, कुलसचिव प्रो. अनु चन्द्रा, फिजियोलॉजी एचओडी प्रो. सीमा सिंह, बायोकमेस्ट्री एचओडी प्रो. तारिक महमूद, डॉ. तहसीन मुनसिफ, डॉ. नमिता, डॉ. हेमलता, डॉ. दीक्षा व डॉ. प्रियंका समेत कई चिकित्सक मौजूद थे।